आकाशवाणी चंडीगढ़

11 मई 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा और विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर महज़ सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छा शक्ति का प्रतीक है।
- रक्षामंत्री ने लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया
- हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की गईं।
- डाक विभाग ने "ज्ञान पोस्ट" नाम से नई डाक सेवा शुरू की।

*************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे। यह बैठक कल दोनों देशों के सैन्य अभियान महा-निदेशकों के एक-दूसरे से बात करने के बाद संघर्ष विराम के मद्देनजर हुई। दोनों देशों के यह अधिकारी कल फिर बात करने वाले हैं।

*************************************************************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर महज़ सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छा शक्ति का

प्रतीक है। आज लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी का वर्चुअल माध्यम से_उद्घाटन करने के बाद रक्षा मंत्री ने कहा -

*इस ऑपरेशन से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति और सैन्य शक्ति का पता चलता है। उन्होंने कहा कि जब भी भारत आतंकवाद के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगा तो सीमा पार के क्षेत्र आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सुरक्षित नहीं रहेंगे।*

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई करता है।

*"भारत में आतंकवादी घटनाएं करने और कराने का क्या अंजाम होता है ये पूरे विश्व ने उरी की घटना के बाद देखा जो हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा के बाद देखा जब बालाकोट तक एयर स्ट्राइक की गई और अब पहलगाम की घटना के बाद दुनिया देख रही है कि जब भारत ने पाकिस्तान के भीतर घुसकर मल्टीपल स्ट्राइक्स की। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति पर चलते हुए हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत है। ये आतंक के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कार्रवाई करेगा।"*

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के उद्देश्य से शुरू किया था और रिहायशी इलाकों को कतई लक्ष्य नहीं बनाया गया। लेकिन पाकिस्तान ने भारत के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया और साथ ही मंदिरों, गुरूद्वारों और चर्च पर भी हमले किए। ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एण्ड टेस्टिंग फैसिलिटी को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा कि इस से देश की मारक शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस दुनिया के सबसे तेज़ सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइलों में से है।

*****************************************************************

वायु सेना ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे जो कार्य सौंपे गए थे वे सभी उसने पूरी सटीकता और कुशलता के साथ पूरे किए हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में वायु सेना ने कहा है कि सभी ऑपरेशन राष्ट्रीय हितो को ध्यान में रखते हुए शानदार तरीके से चलाए गए। अभी यह ऑपरेशन चल रहे हैं और उचित समय पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वायु सेना ने सभी से आग्रह किया है कि वे अटकलबाजी से बचें और अपुष्ट जानकारी साझा न करें।

****************************************************************

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का सब ने स्वागत किया है। भारत की कार्रवाई आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ थी। पाकिस्तान द्वारा किए गए हमलों के बाद ही भारत ने पाकिस्तान को माकूल जवाब दिया और पाकिस्तान द्वारा छोड़े गए ड्रोन और मिसाइलें नष्ट कर दी।

****************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर बनी वर्तमान स्थिति और पाकिस्तान द्वारा बार-बार संघर्ष विराम उल्लंघन की घटनाओं के मद्देनजर राज्य के स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री के आदेशानुसार स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक, ने सभी सिविल सर्जन और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सख्त आदेश जारी किए हैं और राज्य के सभी स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों की सभी प्रकार की छुट्टियां तुरंत प्रभाव से रद्द कर दी हैं। यह भी कहा गया है कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अपने जिले का मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। आदेश अनुसार छुट्टी पर चल रहे अधिकारी अथवा कर्मचारी को तुरंत काम पर लौटना होगा। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि जनता की सेवा सर्वोपरि है और इस समय विभाग को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। राज्य सरकार ने जिला स्तर पर सभी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। आपातकालीन दवाओं, रक्त

भंडारण, एम्बुलेंस सेवाओं और चिकित्सा कर्मचारियों की तैनाती की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिए गए हैं।

*************************************************************

लोक सभा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच चले चार दिवसीय संघर्ष के दौरान सिरसा का वायु सेवा अड्डा पूर्णत: सुरक्षित रहा। मीडिया को जारी बयान में सांसद ने पाकिस्तान के झूठे प्रचार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि हमारे जवानों की बहादुरी और निगरानी के कारण ही सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। अगर पाकिस्तान फिर से कोई दुस्साहस करता है, तो देश की जनता और सुरक्षा बल एकजुट होकर उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

*************************************************************

दिल्ली हवाई अड्डे से उड़ानों की आवाजाही सुचारू रूप से जारी है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड-डायल ने एक परामर्श में कहा है कि वर्तमान परिदृष्य में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के अनिवार्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के लिए, उड़ानों के समय में बदलाव हो सकता है और यात्रियों को सुरक्षा जांच के दौरान भी इंतजार करना पड़ सकता है। यात्रियों को संबंधित एयरलाइन के संचार माध्यमों से सम्पर्क में रहने और निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

*************************************************************

डाक विभाग ने ज्ञान पोस्ट नाम से एक मई से नई डाक सेवा आरंभ की है। इस नई डाक सेवा से किताबें 20 से 100 रुपये में पूरे भारत के किसी भी कोने में भेजी जा सकेगीं।

इस सेवा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक सामग्री जैसे किताबें, पत्रिकाएं, या साहित्यिक दस्तावेज को देश के किसी भी कोने तक रियायती दरों पर पहुंचाना है।

*************************************************************

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने एक रक्तदान शिविर का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पोखरण परीक्षण की सफलता की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में पिछले एक दशक में विज्ञान नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित शोध को बढ़ावा दे रही है।

************************************************************